वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

www.wagadsandesh.com

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-2 अंक-73 सागवाड़ा,शनिवार,26 नवम्बर, 2022 भाषा : हिन्दी ई-पेपर अवधि:(वार्षिक) मूल्य-10 रु. पृष्ठ-1

पुनर्वास कॉलोनी में आवासीय भूखंड लेने का सुनहरा अवसर, मानसरोवर कॉलोनी का शुभारंभ

30 फीट चौड़ी सड़कें, अत्याधुनिक स्वागत द्वार, प्लांटेशन, ड्रेनेज सिस्टम के अलावा गार्डन और सिक्योरिटी की सुविधा

सागवाडा। सागवाडा क्षेत्र की रिहायशी पुनर्वास कॉलोनी के डी ब्लाक में सागवाडा की पहली लेक फ़ेंसिंग कॉलोनी मानसरोवर बनायी जा रही है जिसमें लोगों को अलग अलग साइज़ में आवासीय भूखंड दिए जा रहे हैं। इसका उद्घाटन शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम में पहुँचे लोगों ने हाथोंहाथ आवासीय भूखंडों की बुकिंग कराई। सागवाडा क्षेत्र की रिहायशी कॉलोनी पुनर्वास कॉलोनी में ज़मीन लेने का सुनहरा अवसर मिलने जा रहा है। पुनर्वास कॉलोनी में हर कोई अपना घर बनाना चाहता है और लोगों के सपने को पूरा करने का काम 'डीके बिल्डर्स' की ओर से किया जा रहा है। पुनर्वास कॉलोनी के मध्य स्थित मानसरोवर सोसाइटी में आवासीय भूखंड मिलने से लोगों में उत्साह दिखाई दिया। यहाँ 30 फीट चौड़ी सड़कें, अत्याधुनिक स्वागत द्वार, प्लांटेशन, ड्रेनेज सिस्टम के अलावा गार्डन और सिक्योरिटी की सुविधा भी उपलब्ध है। डीके बिल्डर्स के आदिश खोडनिया ने बताया कि डूंगरपुर बांसवाड़ा नेशनल हाईवे से यह कॉलोनी मात्र 200 मीटर की दूरी पर स्थित है। कार्यक्रम में पहुँचे लोगों ने बताया कि पुनर्वास कॉलोनी में हर कोई अपना मकान चाहता है, मानसरोवर कॉलोनी में आवासीय भूखंड लेकर यहाँ मकान बनाने का सपना पूरा किया जा सकता है। इस अवसर पर दिनेश खोडनिया, नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया, पालिका उपाध्यक्ष राजुमामा शेख़, मोहन लाल पिंडारिया, असरार अहमद, सहित पेंशनर समाज, बार असोसिएशन, शिक्षक संगठन सहित विभिन्न संगठनों और समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे।

डूंगरपुर पटवार संघ ने शहर में अपनी मांगो को लेकर निकाली न्याय यात्रा

आक्रोश रैली, कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन, सीएम के नाम सौपा ज्ञापन

डूंगरपुर। राजस्थान पटवार संघ के प्रदेशव्यापी आव्हान पर डूंगरपुर जिले में भी डूंगरपुर पटवार संघ ने अपनी लंबित विभिन्न मांगो को लेकर आज शहर में न्याय यात्रा आक्रोश रैली निकाली। वही कलेक्ट्रेट पर पटवारियों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। इधर कलेक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन देते हुए पटवारियों ने सरकार से 3 जुलाई व 4 अक्टूबर को समझोतों को लागु करने की मांग की है।

राजस्थान पटवार संघ के आव्हान पर विभिन्न लंबित मांगो को लेकर आज डूंगरपुर जिले के पटवारी शहर के पटवार विश्रांति भवन में एकत्रित हुए। इसके बाद डूंगरपुर पटवार संघ के जिला अध्यक्ष खेमेश्वर जोशी के नेतृत्व में पटवारियों ने अपने आन्दोलन के तहत शहर में न्याय यात्रा आक्रोश रैली निकाली। न्याय यात्रा आक्रोश रैली पटवार विश्रांति भवन से रवाना होकर नया बस स्टैंड, शास्त्री मार्ग, पुराना बस स्टैंड, तहसील चौराहा, लक्ष्मण मैदान, डूंगरपुर पंचायत समिति होते हुए कलेक्ट्रेट पर आकर सम्पन्न हुई। इसके बाद पटवारियों ने अपनी मांगो को लेकर कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस मौके पर पटवार संघ के जिला अध्यक्ष खेमेश्वर जोशी ने बताया की पटवारी अपनी विभिन्न मांगो को लेकर लम्बे समय से आन्दोलन रत है। उनकी मांगो को लेकर सरकार से 3 जुलाई व 4 अक्टूबर 2021 को समझोते भी हुए। लेकिन अभी तक सरकार ने उन समझोतों को लागू नहीं किया है। इधर प्रदर्शन के बाद पटवार संघ ने जिला कलेक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में पटवार संघ ने आन्दोलन अवधि में हुए मुकदमो को वापस लेने, कैडर पुनर्गठन कर नए पदों का सृजन करने, कोटा संभाग व सवाई माधोपुर में हुए आन्दोलन अवधि के अवकाश को उपार्जित अवकाश में परिवर्तित करने, दूर दराज जिलो में किये राजस्व कार्मिको के तबादले निरस्त करने, नायब तहसीलदार के पदों को राजपत्रित अधिसूचित करते हुए 100 फीसदी पदोन्नति व तहसीलदार पद का 50 प्रतिशत भू अभिलेख संवर्ग से पदोन्नति से भरने, समकक्ष कैडरो के सामान वेतनमान का निर्धारण करने, पटवारी पे ग्रेड 2800 व वरिष्ठ पटवारी ग्रेड पे 3600 करने की मांग की गई है।

आरा में रमती और गडा वेजनिया में संगीत सरपंच बनी

पंचायत उप चुनाव में सरपंच पद के लिए हुए चुनाव

संगीता

रमती

सागवाडा। डूंगरपुर जिले में पंचायत उपचुनाव 2022 के तहत सागवाडा पंचायत समिति की आरा पंचायत व गडा वेजनिया में सरपंच पद के लिए शुक्रवार को मतदान हुअ।

आरा पंचायत में 5 उम्मीदवारों के बीच टक्कर थी वही गडा वेजनिया में सरपंच पद पर दो उम्मीदवारों के बीच सीधा मुकाबला है। ग्राम पंचायत गड़ा वेजनिया में संगीता ननोमा 782 मत लेकर विजय रही वही रीना खांट को 576 मत मिले। इसी तरह ग्राम पंचायत आरा में रमती परमार 1012 मत लेकर सरपंच बनी वहीं वसी को 727 मत मिले। गडा वेजनिया पंचायत में सरपंच पद पर रीना खांट व संगीता ननोमा के बीच सीधा मुकाबला था। इधर आरा पंचायत की बात करे तो आरा में जया मीणा, रमती परमार, ललिता डामोर, वक्षी डामोर और संगीता डामोर के बीच मुकाबला हुआ।

धमकी के बाद राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर राजस्थान में हाई अलर्ट

जयपुर। राजस्थान राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया है। कोटा रेंज के पुलिस महानिरीक्षक और संभागीय आयुक्त ने शुक्रवार को चारों जिलों के जिला कलक्टर और एसपी की बैठक लेकर यात्रा के रूट के बारे में चर्चा की और यात्रा शांतिपूर्ण और बिना विघ्न के निकाले के संबंध में चर्चा की। पुलिस महानिरीक्षक ने स्पष्ट कहा कि यात्रा में किसी को भी विघ्न पैदा नहीं करने दिया जाएगा। यदि किसी ने कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास किया तो पुलिस सख्ती से निपटेगी। यात्रा के साथ तीन हजार पुलिस कर्मियों का पहरा रहेगा। प्रशासन के आला अधिकारियों ने कोटा कलक्ट्री में आयोजित बैठक में यात्रा के रूट चार्ट पर विस्तृत चर्चा की। बता दें, गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैसला ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के विरोध की धमकी दी है।

रबी फसल के समय बिजली सम्बन्धी समस्याओं के समाधान को लेकर SDM को सौंपा ज्ञापन

सागवाड़ा। भारतीय किसान संघ तहसील सागवाड़ा द्वारा बिजली विभाग की मनमानी के सम्बंध में निम्न समस्याओं के निराकरण को लेकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन प्रस्तुत किया ज्ञापन में मांग की गई कि रबी सीजन में काश्तकारों को दिन के समय में नियमित। घण्टे बिजली सप्लाई की जावे। सुबह 5 बजे से 12 बजे तक और दोपहर 12 बजे। बजे तक। 2 इस नियत समय में किसी भी प्रकार की ट्रिप करने की समस्या नही आनी चाहिए। समय में बिजली विभाग का कार्मिक फीडर पर मौजूद रहे और नियमित आपूर्ति का ध्यान रखे। ज्ञापन में बताया कि काश्तकार दिन के समय में बिजली की मांग करने के पीछे उद्देश्य यह है कि वर्तमान समय मे खेतो के आसपास जंगली जानवरों का भय बना हुआ है जो रात्रि के समय काश्तकारों पर कभी भी हमला कर नुकसान पहुँचा सकते है।

अधिकतर पुरुष काश्तकार अपनी रोजी रोटी हेतु अपने मूल स्थान से बाहर है ऐसे में महिला काश्तकार खेती बाड़ी का काम करती है और उनको रात के राज्य में खेतों में रहना खतरे से खाली नही है।ज्ञापन में बताया कि रात्रि के समय खेतो काम करते समय किसी काश्तकार के परिवार के सदस्य साथ किसी भी प्रकार की अनहोनी या दुर्घटना होती है तो उसकी सजरत प्रकार की जिम्मेदारी विधुत विभाग और प्रशासन की रहेगी।

उक्त बातों को ध्यान करते हुए जिले सभी ब्लॉकों में दिन के समय में कृषि कार्य हेतु नियमित बिना ट्रिप किये बिजली आपूर्ति करवाई जावे।

यदि दिन के समय मे नियमित बिजली आपूर्ति नही होने की स्थिति में भारत किसान संघ के कार्यकर्ता आंदोलन की राह पर चलने को मजबर होंगे जिसकी समस्त प्रकार की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

राव अध्यक्ष व व्यास प्रतिष्ठा कमेटी के बनाए गए सचिव

कॉलोनी में पाटोत्सव के साथ होगी वीर हनुमान और शनि मंदिर प्रतिष्ठा

सागवाड़ा। पुनर्वास कॉलोनी सिद्धिविनायक मंदिर परिसर में ध्यानी लाल कंसारा के मुख्य आतिथ्य एवं मंदिर कमेटी अध्यक्ष किशोर भट्ट की अध्यक्षता में अंबा माता मंदिर तथा रामेश्वरम शिव मंदिर के पाटोत्सव के साथ शनि देव तथा वीर हनुमान उथापन तथा प्रतिष्ठा को लेकर सर्व समाज बैठक हुई।

सुखलाल पटेल व जीवन लाल पाटीदार ने बताया कि 9 दिसंबर को शनि देव मंदिर का खाद मुहूर्त व निर्माण प्रारंभ मुख्य यजमान तथा भामाशाह कमल जांगिड़ परिजन तथा आचार्य तुलसीराम व्यास व विप्र संजय पंड्या द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ किया जाएगा। अध्यक्ष किशोर भट्ट ने 3, 4 व 5 फरवरी पाटोत्सव के साथ हनुमान और शनि देव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की जानकारी दी। आयोजन की भव्यता को लेकर विभिन्न कमेटियों का चयन कर दायित्व दिए गए। प्रतिष्ठा आयोजन कमेटी के अध्यक्ष कमलेश राव, सचिव कन्हैया लाल व्यास और कोषाध्यक्ष प्रदीप कंसारा को बनाया गया। नगर भोज के भामाशाह नानू भाई मोड पटेल, प्रकाश चंद्र भाटिया,शाक्य भाई,सुरेश चंद्र दवे, मनोहर लाल पंचाल, सुखलाल पटेल व कन्हैया लाल पंचाल का अभिनंदन किया गया। शिखर, मुख्य यजमान, प्रथम दर्शन,प्रथम आरती, ध्वज दंड,घंट उत्तपम व प्रतिष्ठा आदि की आगामी सर्व समाज विशाल बैठक में बोलियों से निर्धारण करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। आयोजन को लेकर ध्यानी लाल कंसारा की अध्यक्षता में जयशंकर पंड्या,अशोक चौबीसा,नानू भाई मोड पटेल, दिलीप जोशी, रमेश वैष्णव, पंकज दोषी व ईश्वरलाल पंचाल के साथ मार्गदर्शन मंडल का गठन किया गया । इससे पूर्व कोषाध्यक्ष प्रदीप कंसारा ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। संचालन हितेश भावसार ने किया।

अशोक गहलोत के गद्दार कहने के बाद सचिन पायलट ने कर दी बड़ी मांग, मुख्यमंत्री बदलने के लिए सुझाया फॉर्मूला

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सचिन पायलट पर किए गए ताजा हमले के बाद बवाल मच गया है। एक निजी चैनल को दिए इंटरव्यू में अशोक गहलोत ने दावा किया था कि सचिन पायलट के समर्थन में दस से ज्यादा विधायक नहीं हैं। पायलट को गद्दार बताते हुए गहलोत ने कहा कि वे कभी भी राजस्थान के मुख्यमंत्री नहीं बन सकेंगे। पायलट ने भी अशोक गहलोत पर पलटवार करते हुए कहा कि अनुभवी व्यक्ति को ऐसी भाषा का इस्तेमाल करना शोभा नहीं देता है। मालूम हो कि गहलोत काफी समय से दावा करते रहे हैं कि पायलट को ज्यादा विधायकों का समर्थन नहीं हासिल है, जिसकी वजह से वे (पायलट) मुख्यमंत्री नहीं बन पा रहे हैं। सचिन पायलट ने अब कांग्रेस आलाकमान को नया फॉर्मूला सुझाया है। सचिन पायलट ने कांग्रेस आलकमान से कहा है कि राजस्थान में मुख्यमंत्री का निर्णय विधायकों के गुप्त मतदान के जरिए हो। पायलट ने बीते दिन मध्य प्रदेश में भारत जोड़ो यात्रा में हिस्सा लिया था, जहां पर प्रियंका गांधी और राहुल गांधी के साथ उनकी मुलाकात हुई थी।

राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर) राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन

शिक्षकों की भूमिका समाज में सर्वाधिक महत्वपूर्णः गहलोत

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अंधकारमय रहता है। समाज के उत्थान में शिक्षकों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती है। डॉ. अम्बेडकर ने भी समाज को संगठित रहो, शिक्षित बनो, संघर्ष करो का नारा दिया था। गहलोत शुक्रवार को जयपुर में राजस्थान शिक्षक संघ (अम्बेडकर) के राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी और डॉ. अम्बेडकर के जीवन संघर्षों से समाज को प्रेरणा मिलती है। दक्षिण अफ्रीका में नस्लभेद झेलने के बाद गांधीजी ने सत्य और अंहिसा के बल पर देश को आजादी दिलाई। समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का कल्याण गांधी जी का ध्येय था। डॉ. अम्बेडकर ने विभिन्न सामाजिक भेदभावों का सामना कर शिक्षा हासिल की और देश के संविधान की रचना की। आज देश के लिए डॉ. अम्बेडकर के योगदानों को सभी राजनीतिक दलों के द्वारा स्वीकार किया गया है। गहलोत ने कहा कि आज पूरे देश में पदोन्नति में आरक्षण देने वाला राजस्थान एकमात्र राज्य है। विभिन्न कठिनाइयों का सामना करते हुए और लम्बी कानूनी लड़ाई लड़कर राजस्थान सरकार ने पदोन्नति में आरक्षण जारी रखा है ताकि वंचित तबके के कार्मिकों को पदोन्नत होने के अवसर मिलें और वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनियाभर के देशों में भारत के संविधान की एक अलग पहचान है। डॉ. अम्बेडकर ने संविधान में सभी देशवासियों के लिए समानता का अधिकार निहित किया। महिलाओं को संविधान लागू होने के साथ ही मतदान का अधिकार मिला, जबकि अन्य लोकतंत्रों में इसमें काफी समय लगा। संविधान से ऐतिहासिक रूप से पिछड़े वर्गों को आरक्षण का अधिकार मिला। उन्होंने कहा कि छूआछूत जो मानवता के नाम पर एक कलंक है, जैसी बुराई को संविधान में अपराध घोषित किया गया। आज 75 साल बाद भी देश में संवैधानिक व्यवस्था कायम है। ये हमारे देश में लोकतंत्र की ताकत को दर्शाता है।

घरेलु गैस सिलेंडर्स का कर रहे थे कमर्शियल उपयोग, रसद विभाग ने 13 प्रतिष्ठानों पर की कार्रवाई, 48 घरेलु सिलेंडर्स जब्त

डूंगरपुर। जिले की रसद विभाग की टीम ने आज डूंगरपुर शहर में घरेलु गैस सिलेंडर्स का कमर्शियल उपयोग करने वाले लोगो के खिलाफ कार्रवाई को अंजाम दिया।

रसद विभाग की टीम ने शहर के अलग-अलग 13 प्रतिष्ठानों पर छापा मारा और इस दौरान कुल 48 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किये है। वही जांच रिर्पोट जिला कलेक्टर को सौपी है। मामले में जिला कलेक्टर की ओर से अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। डूंगरपुर शहर में विभिन्न होटल्स व ढाबो पर घरेलू सिलेंडर का उपयोग होने की शिकायतों के बाद आज रसद विभाग सक्रिय हुआ है। डूंगरपुर जिला रसद अधिकारी विपिन जैन, निरीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह और बजरंग ने डूंगरपुर शहर में अलग-अलग जगहों पर 13 प्रतिष्ठानों पर छापा मारा। इस दौरान इन प्रतिष्ठानो पर रसोई में घरेलू सिलेंडर का कमर्शियल उपयोग किया जा रहा था। जिसके चलते रसद विभाग की टीम ने इन प्रतिष्ठानो पर कार्रवाई की और 13 प्रतिष्ठानो से कुल 48 घरेलु गैस सिलेंडर जब्त किये। डूंगरपुर जिला रसद अधिकारी विपिन जैन ने बताया की कार्रवाई के तहत हरियाली रेस्टोरेंट से 3, माँ मेलडी कृपा सेंटर, महालक्ष्मी कचोरी सेंटर, कष्ट भंजन, कुंदन फास्ट फ़ूड, हस्तिपुर और कैलाश होटल से एक-एक घरेलु गैस सिलेंडर जब्त किये है। वही इसके साथ ही बालाजी भोजनालय से 5, होटल हिल सिटी से 8, रजवाडी चाय सेंटर से 3, सागर होटल से 4, फ़ूड प्लाजा से।

राजहंस होटल से 6, श्रीनाथ कचोरी सेंटर, भेरुनाथ कचोरी सेंटर और देवनारायण से 2-2 घरेलु गैस सिलेंडर जब्त किये है। डूंगरपुर जिला रसद अधिकारी विपिन जैन ने बताया की कार्रवाई की जांच रिपोर्ट डूंगरपुर जिला कलेक्टर को सौपी जायेगी वही उसके बाद कलेक्टर के निर्देश पर अग्रिम कार्रवाई इन प्रतिष्ठानों के खिलाफ की जायेगी।

एसबीपी कॉलेज में हुआ छात्रसंघ कार्यालय का उद्घाटन, कार्यक्रम में चौरासी विधायक को गिनाई कॉलेज की समस्याए

डूंगरपुर। जिले के भोगीलाल पंड्या राजकीय महाविद्यालय में आज छात्र संघ कार्यालय उदघाटन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चौरासी विधायक राजकुमार रोत रहे। इस दौरान कॉलेज स्टाफ व छात्रों ने कॉलेज की समस्याए गिनाते हुए उनके समाधान की मांग की। भोगीलाल पंड्या राजकीय महाविद्यालय में छात्रसंघ कार्यालय उदघाटन कार्यक्रम आयोजित हुआ। समारोह में चौरासी विधायक राजकुमार रोत ने बतौर मुख्य अतिथि छात्र संघ अध्यक्ष तुषार परमार, उपाध्यक्ष केशर कुमारी परमार, महासचिव निलेश रोत, संयुक्त सचिव सुनील रोत के पहले कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके बाद समारोह का आयोजन हुआ। इस दौरान समारोह को संबोधित करते हुए कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर कैलाश तिवारी ने कहा कि कॉलेज में 84 व्याख्याताओ के पद स्वीकृत है लेकिन केवल 16 ही उपलब्ध है वही खेल मैदान और कक्षा कक्ष की कमी होने से काफी अभाव है जिससे छात्रों का विकास प्रभावित हो रहा है।

इधर विधायक राजकुमार रोत ने भी समारोह को संबोधित किया। विधायक राजकुमार ने कहा कि आजकल मोबाइल फोन ने युवा पीढ़ी को कैद कर रखा है। युवाओं की सेहत खराब है और इसी कारण बौद्धिक विकास भी प्रभावित होने से भविष्य नहीं सुधर रहा है ।

वही उन्होंने कहा की मै भी कभी इसी कॉलेज का छात्र था और आज विधायक बनकर मंच पर हू तो मेरे व्याख्याता आज खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे है। ऐसे में आज सभी व्याख्याताओ की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे सभी विद्यार्थियों में अपने बच्चे को देखे और अध्ययन करवाए ताकि कल मेरी तरह फिर उनका कोई शिष्य उनके सामने मंच से संबोधित करे तो गौरव का अनुभव कर सके। वही कॉलेज की समस्याओ के जल्द समाधान का आश्वासन उन्होंने दिया है।